**बिहार सरकार**

**ग्रामीण विकास विभाग**

दिनांक:- 05/06/26

पत्रांक:- 5717342

ग्रा०वि०-04/प्रखंड भवन-02-16/2025

सेवा में,

**महालेखाकार,**

बिहार, पटना।

**विषय:-** **शेखपुरा जिलान्तर्गत प्रखंड कार्यालय, घाटकुसुम्भा के प्रशासनिक भवन में पेयजल की उपलब्धता कार्य हेतु तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलित राशि ₹3,25,490/-(तीन लाख पच्चीस हजार चार सौ नब्बे) रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति।**

**आदेश:-** **स्वीकृत।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अभियन्ता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-10788(भ०) दिनांक-03.12.2025 द्वारा शेखपुरा जिलान्तर्गत प्रखंड कार्यालय, घाटकुसुम्भा के प्रशासनिक भवन में पेयजल की उपलब्धता कार्य हेतु तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलित राशि ₹3,25,490/-(तीन लाख पच्चीस हजार चार सौ नब्बे) रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति की मांग की गई है।

**2.** भवन निर्माण विभाग द्वारा किये गये अनुरोध के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उपर्युक्त कार्य हेतु प्रदत्त तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलित राशि ₹3,25,490/-(तीन लाख पच्चीस हजार चार सौ नब्बे) रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

**3.** उपर्युक्त योजना का कार्यान्वयन ग्रामीण विकास विभाग के लिए निर्धारित योजना उद्व्यय के अन्तर्गत भवन निर्माण विभाग के मांग संख्या-03 अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 2059 लोक निर्माण कार्य, उप मुख्य शीर्ष 01- कार्यालय भवन, लघु शीर्ष- 053 रखरखाव तथा मरम्मत, उप शीर्ष- 0033- ग्रामीण विकास विभाग के भवन का अनुरक्षण एवं मरम्मत के अन्तर्गत विपत्र कोड 03-2059010530033 के विषय शीर्ष 27-02 से विकलनीय होगा।

**4.** व्यय की राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा होंगे तथा राशि की निकासी जिला कोषागार, शेखपुरा से की जायेगी।

**5.** स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्यय के क्रम में बिहार वित्त नियमावली/बिहार कोषागार संहिता/बजट मैनुअल/PWD A/c Code एवं वित्त विभाग के परिपत्र सं0-2561 वि0(2) दिनांक 17.04.1998 तथा समय-समय पर निर्गत अनुदेशों/निदेशों का अनुपालन किया जायेगा। व्यय विवरणी ससमय विभाग तथा महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा।

**6.** वित्त विभागीय संकल्प सं०-12888 दिनांक-03.12.2024 के आलोक में प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार के रूप में प्रधान सचिव की स्वीकृति संचिका संख्या- ग्रा०वि०-04/प्रखंड भवन-02-16/2025 के पृ0- 15/टि0 पर दिनांक 05.06.2026 को प्राप्त है।

**7.** स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

5/6/26

**(रवि कुमार)**

सरकार के संयुक्त सचिव

स्वीकृत्यादेश

sec-1/an

ज्ञापांकः- 5717342 दिनांकः- 05/06/26

**प्रतिलिपि**- आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर/ जिला पदाधिकारी, शेखपुरा/ उप विकास आयुक्त, शेखपुरा/ जिला कोषागार पदाधिकारी, शेखपुरा/ कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/6/26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः- 5717342 दिनांकः- 05/06/26

**प्रतिलिपि**- सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ अभियन्ता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/6/26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः- 5717342 दिनांकः- 05/06/26

**प्रतिलिपि**- प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग/ आई.टी. मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना (विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ) को सूचनार्थ प्रेषित।

5/6/26

सरकार के संयुक्त सचिव